प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 21.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- देशभर में आज दसवां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, प्रधानमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित करने को कहा।
2- रांची समेत राज्यभर में मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस, गिरिडीह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी योग अभ्यास कार्यक्रम में हुईं शामिल।
3- झारखंड समेत आठ राज्यों में कोयला ब्लॉक नीलामी के दसवें दौर की शुरूआत आज से।
4- मौसम केंद्र ने आज राज्य के उत्तरी पूर्वी एवं दक्षिण पूर्व भाग में जतायी भारी बारिश की संभावना।

*******************

देशभर में आज 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव और कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस वर्ष समारोह का विषय, स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव दोनों को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। उन्होंने योग करने के फायदों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी ग्राम प्रधानों को एक पत्र भी लिखा है जिसमें जमीनी स्तर की भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित करने को कहा है।

*******************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक संदेश में कहा है कि योग हमारे शरीर, मन एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। इससे मन एकाग्र और तनावमुक्त रहता है। उन्होंने सभी से अपनी दिनचर्या में नियमित योगाभ्यास को शामिल करने की सलाह दी।

*******************

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यभर में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गिरिडीह के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आयोजित योग दिवस समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मौके पर लोगो को बधाई दी और कहा है कि योग से शरीर निरोग रहता है। गिरिडीह में सर जे सी बोस उच्च विद्यालय समेत दर्जन भर स्थानों पर योग दिवस मनाया गया।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आज दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राजकीय कार्यक्रम आज सुबह बिरसा मुंडा संग्रहालय स्थित बिरसा फन पार्क में आयोजित किया गया। आयुष निदेशालय द्वारा इसकी तैयारियां की गई थी. इस राजकीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एके सिंह, विधायक सीपी सिंह, सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में आज जिला प्रशासन एवं जिला आयुष समिति के संयुक्त तत्वाधान में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

सरायकेला खरसावां जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन एवं कई संगठनों द्वारा योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुछ विद्यालयों के छात्रों को भी शामिल किया गया। इस दौरान योग शिक्षकों ने योग और प्राणायाम का महत्व बताते हुए नियमित रूप से योग करने को कहा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जमशेदपुर में बस्ती विकास समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति द्वारा एग्रिको मैदान में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया। गोड्डा जिला प्रशासन की ओर से आज सुबह योग का कार्यक्रम रखा गया जिसमें कई अधिकारी तथा गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। पथरगामा कॉलेज में छात्र–छात्राओं ने दसवें विष्व योग दिवस पर गांवों में योग जागरूकता रैली निकाली।

देवघर इंडोर स्टेडियम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर खूंटी के बिरसा कॉलेज परिसर स्थित हॉकी के ब्लू एस्ट्रो टर्फ मैदान में आज सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगासन के पश्चात तंबाकू उत्पादों के प्रतिबंध और पर्यावरण सुरक्षा संबंधी शपथ दुहरायी गई।

सिमडेगा जिले में उत्साह का वातावरण बना रहा। जगह–जगह योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमे बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर योग के विभिन्न आसन किए। योग का मुख्य कार्यक्रम सिमडेगा के इंडोर स्टेडियम में हुआ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज एक तरफ रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आलोक कुमार के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, तो दूसरी तरफ जिला मैदान में पतंजलि योगपीठ एवं आयुष विभाग रामगढ़ के तत्वाधान में उपायुक्त सहित जिले के तमाम प्रशासनिक पदाधिकारियों ने योग किया।

*******************

बोकारो जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

केंद्र सरकार आज वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत करेगी। इस दौर में 60 ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी हैदराबाद में नीलामी का शुभारंभ करेंगे। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कोयला खदान विभिन्न राज्यों झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में हैं।

*******************

गोड्डा जिले के महागामा थानाक्षेत्र से पुलिस ने दो किलो चार सौ ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार युवक को पकड़ा। पुलिस ने गांजा और बाइक जब्त कर लिया है।

*******************

रांची में जिला प्रशासन द्वारा रथ मेला की तैयार शुरू कर दी गयी है। छह जुलाई से 17 जुलाई तक रथ मेला का आयोजन होना है। जगन्नाथपुर रथ यात्रा में मेला लगाने वाले वेंडर के लिए जिला प्रशासन द्वारा टेंडर जारी कर कहा गया है कि छह से 17 जुलाई तक के लिए मंदिर के आस–पास करीब इकतालीस एकड़ से कुछ अधिक भूमि मेले के लिए उपलब्ध है। आवेदक निविदा में भाग लेने से पहले या आवेदन भरने से पहले मेला परिसर का समुचित निरीक्षण कर लें। मेले का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपए से शुरू होगी। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले मेला वेंडर को सफल घोषित किया जाएगा। ठेका लेने वाले का दायित्व होगा कि मेला परिसर में सीसीटीवी एवं अन्य लाइट की समुचित व्यवस्था करेगा।

*******************

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 20 जून को दक्षिण पश्चिम मानसून का थोड़ा और विस्तार हुआ है। 22 जून तक मानसून के आगमन के सकारात्मक संकेत झारखंड और उससे सटे हिस्सों में देखने को मिल सकते हैं। रांची मौसम विभाग ने झारखंड के उत्तरी पूर्वी एवं दक्षिण पूर्व भाग में आज 21 जून को भारी बारिश की संभावना

जताई है। वहीं 23 जून को उत्तर पूर्वी संथाल में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। राज्य में आने वाले दिनों में धीरे–धीरे मानसून का विस्तार देखने को मिलेगा और गर्मी से भी राहत मिलेगी।

********समाप्त*******